<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1605

5 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात विकास निधि

1605. श्री जी॰ एम॰ सिद्देश्वराः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों से राज्यों में स्थित इस्पात संयंत्रों के लिए इस्पात विकास निधि से वित्तीय सहायता मांगने को लेकर प्रस्ताव प्राप्त किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य- क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का देश में इस्पात के उत्पादन में आवर्धन/वृद्धि के लिए कर्नाटक में स्थित इस्पात संयंत्र को इस्पात विकास निधि से वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(विष्णु देव साय श्री)**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्यों में स्थित इस्पात संयंत्रों हेतु इस्पात विकास निधि (एसडीएफ) से वित्तीय सहायता के लिये किसी भी राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): सरकार की राज्य में स्थित इस्पात संयंत्रों को इस्पात विकास निधि से वित्तीय सहायता प्रदान करने की कोई योजना नहीं है।

***